केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड



संस्कृत प्रेमी मित्रों एवं प्रिय विद्यार्थियों !

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से हार्दिक अभिवादन।

प्रथम ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड में आपका हार्दिक स्वागत है। आज सम्पूर्ण भारत के साथ-साथ विदेशों में भी लाखों छात्र संस्कृत का अध्ययन कर रहे हैं। सभी की आकांक्षा है कि संस्कृत भाषा का शिक्षण-परीक्षण और अधिक रोचक एवं आकर्षक हो। इसी आकांक्षा को पूरा करने का एक छोटा सा प्रयास है - **संस्कृत ओलम्पियाड।** इस प्रयास में आपकी उत्साहपूर्ण सक्रिय भागीदारी अत्यावश्यक है।

हमारा उद्देश्य

कक्षा शिक्षण के साथ साथ ऑनलाइन खेल के माध्यम से भी संस्कृत भाषा का शिक्षण और परीक्षण सर्वसुलभ हो सके, इसके लिए व्यापक स्तर पर वार्षिक आयोजन के रूप में छात्रों को संस्कृत-ओलम्पियाड का मंच उपलब्ध

हमारा लक्ष्य

नवाचार एवं रोचकता के साथ सरल एवं मानक संस्कृत को जन-जन की भाषा बनाना।

ऑनलाइन संस्कृत ओलम्पियाड का कार्यक्रम विवरण

प्रक्रिया	दिनांक तथा अन्य विवरण
1. पंजीकरण हेतु वेबसाइट	www.sanskritolympiad.in (08 जुलाई, 2023 से शुभारम्भ)
2. पंजीकरण आरम्भ दिनांक	10 जुलाई, 2023
3. पंजीकरण अन्तिम दिनांक	27 अगस्त, 2023
4. ऑनलाइन परीक्षा दिनांक	03 सितम्बर, 2023 (रविवार)
5. ऑनलाइन परीक्षा समय	
* कक्षा 06 से 12	प्रात: 10:00 से 11:15 बजे तक
* स्नातक एवं स्नातकोत्तर	सायं 04:00 से 05:00 बजे तक
6. परिणाम उद्घोषणा	14 सितम्बर, 2023

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर विजेता प्रतिभागियों का पुरस्कार समारोह 16 अक्टूबर, 2023*

* (दिनांक में परिवर्तन सम्भव)

परीक्षण की प्रक्रिया

प्रतिभागी को अपने कक्षा स्तर के प्रश्नपत्र में 60 पूर्णांक वाले 60 बहुविकल्पात्मक प्रश्न हल करने होंगे। प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक मिलेगा। गलत उत्तर पर अंक हानि नहीं होगी। प्रतिभागी को चाहिए कि वो सभी प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करे। निर्धारित समय पूर्ण होते ही प्रश्नपत्र स्वत: समर्पित हो जाएगा।

कृपया ध्यान दें

कक्षा स्तर के अनुसार ही पंजीकरण करें। (त्रुटिपूर्ण आवेदन की पुरस्कार पात्रता स्वत: निरस्त हो जाएगी।) User ID तथा Password के लिए पंजीकरण के समय मोबाइल नम्बर ठीक से अंकित करें। प्राप्त User ID तथा Password द्वारा 03 सितम्बर, 2023 को अपने कक्षा स्तर के निर्धारित समय से 15 मिनिट पूर्व www.sanskritolympiad.in पर Login करें।

कैसे प्रतिभाग करें?

www.sanskritolympiad.in वेबसाइट द्वारा प्रतिभागी को संस्कृत ओलम्पियाड में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण करना होगा। एतदर्थ अधोलिखित रूप से ऑनलाइन शुल्क देना होगा -

क्र.सं.	कक्षा-स्तर	ऑनलाइन शुल्क
1.	कक्षा 06 से 08	10/- (दस रूपये मात्र)
2.	कक्षा 09 से 12	20/- (बीस रूपये मात्र)
3.	स्नातक स्तर (शास्त्री, B.A., शिक्षाशास्त्री, B.Ed. इत्यादि)	40/- (चालीस रूपये मात्र)
4.	स्नातकोत्तर स्तर (आचार्य, M.A., M.Ed., विद्यावारिधि Ph.D. आदि)	40/- (चालीस रूपये मात्र)

* शुल्क जमा होने के बाद ही पंजीकरण पूर्ण होगा।

पाठ्यक्रम

(पाठ्यसामग्री की पीडीएफ वेबसाइट पर उपलब्ध)

1. कक्षा 06 से 08 - प्रथमा दीक्षा (वाक्य व्यवहार), रुचिरा पाठ्यपुस्तक की 08 कथाएं, नीतिशतक के 15 श्लोक एवं मानसिक योग्यता
2. कक्षा 09 से 12 - द्वितीया दीक्षा प्रथम खण्ड, शेमुषी एवं भास्वती पाठ्यपुस्तक की 09 कथाएं, रामायण एवं महाभारत का सामान्य परिचय एवं मानसिक योग्यता
3. स्नातक स्तर - द्वितीया दीक्षा का द्वितीय खण्ड, भगवद्गीता का 12वां अध्याय, द्वितीया दीक्षा प्रथम खण्ड के कारक सुभाषित तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान एवं मानसिक योग्यता
4. स्नातकोत्तर स्तर - तृतीया दीक्षा (संक्षेपरामायणम्), संस्कृत वाङ्मय परिचय, संस्कृत सामान्य ज्ञान एवं अनुसन्धान पद्धति परिचय

मूल्यांकन हेतु आधार

राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक प्राप्तांक वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्राप्तांक समान आने की स्थिति में अपेक्षाकृत अल्पावधि में उत्तर देने वाले प्रतिभागी को वरीयता दी जाएगी।

राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार-(प्रत्येक कक्षा स्तर पर)

प्रथम पुरस्कार	₹ 11,000/-
द्वितीय पुरस्कार	₹ 7,000/-
तृतीय पुरस्कार	₹ 5,000/-

पुरस्कार से सम्बद्ध अन्य विवरण -

* शिक्षा संस्था तथा राज्य के स्तर पर भी प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार।
* शिक्षा संस्था से 100 से अधिक छात्रों का पंजीकरण होने पर शिक्षासंस्था/सम्बद्ध शिक्षक को भी सारस्वत उपहार।
* सभी प्रतिभागियों को मेल द्वारा ई-प्रमाणपत्र। (जिन अभ्यर्थियों के पास ई-मेल न हो, वे वाट्सअप संख्या से ही पंजीकरण करें)

शिक्षा संस्थाएं अधिक संख्या में पंजीकरण के लिए छात्र सूची एवं अन्य विवरण के साथ संस्कृत ओलम्पियाड वेबसाइट की Support Desk पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संरक्षक

प्रो. श्रीनिवास वरखेडी
कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

सहयोग

श्री अनुज शर्मा, सीईओ एवं फाउण्डर, लिटिल गुरु

संयोजकगण

प्रो. कुलदीप शर्मा, के.सं.वि., जयपुर परिसर
डॉ. अमृता कौर, के.सं.वि., नई दिल्ली

सभी स्तरों की पाठ्यसामग्री की PDF डाउनलोड करने के लिए कृपया स्कैन करें।

सहायतार्थ email : support@sanskritolympiad.in
अधिक विवरण के लिए देखें www.sanskritolympiad.in